

# साप्ताहिक
# सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रेस कांफ्रेंस

(दिनांक 30.5.21)




**विषय: प्रेस कांफ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चण्डीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस की गई जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री जी ने जनता के लिए कई अहम घाषणाएं की। इसमें सबसे प्रमुख ऐसी समस्त दुकानों या मकानों का हक लोगों को देना है, जिन्होंने सरकार से लीज पर या किराए पर उन्हें ले रखा है। इसके तहतः–

- जो दुकानें 20 साल से अधिक समय से लीज पर या किराए पर हैं उनके किराएदार या लीज धारक इस योजना का लाभ ले सकेंगें।
- योजना के तहत उन्हें वर्तमान DC रेट की राशि का भुगतान करना पड़ेगा।
- DC रेट में छूट दी जाएगी जो लीज या किराए के अनुबंध के अनुपात में होगी। अगर किसी के पास कोई दुकान 30 साल से है तो उसे वर्तमान DC रेट में 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
- DC रेट में मिलने वाली छूट की अधिकतक सीमा 50 प्रतिशत होगी इससे अधिक छूट नहीं दी जा सकेगी।
- इससे वर्षो से इंतजार कर रहे लोगों को उनकी दुकानों और मकानों का मालिकाना हक मिल सकेगा।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने :–

- सभी जर्जर हो चुके राजवाहों का पुनर्वास और नए रजवाहों का निर्माण किया जाएगा।
- मार्केटिंग बोर्ड के तहत आने वाले सभी कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा। ऐसे कुल 475 कच्चे रास्तों की पहचान की गई है।
- शहरी स्थानीय निकायों में राजस्व रास्तों के लिए भूमि का आदान–प्रदान किया जाएगा।
- गाँव के हर घर के हर व्यक्ति की कोरोना जाँच।
- गाँव में ही कोरोना के लिए आइसोलेशन सेंटर बनाना शामिल है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## माननीय प्रधानमंत्री जी से भेंट वार्ता

(दिनांक 01.06.21)

**विषय: माननीय प्रधानमंत्री जी से भेंट वार्ता।**

**प्रभाव:** आज दिनाकं को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी से दिल्ली में उनके निवास पर मुलाकात की गई। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कोरोना की रोकथाम के लिए किए गए कार्यों, किसान आंदोलन और हरियाणा से जुड़े अन्य विषयों से प्रधानमंत्री जी को अवगत करवाया गया।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कोरोना के लिए किए गए कार्यों की सराहना की गई और आगे के लिए भी सर्तकता बरतने का आदेश दिया गया।




## अनअथॅराईज्ड कॉलोनी को नियमित करने के लिए समीक्षा बैठक


(दिनांक 02.06.21)




**विषय: अनअथॅराईज्ड कॉलोनी को नियमित करने के लिए समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अनअथॉराईज्ड कॉलोनी के संबधं में एक समीक्षा बठैक ली गई। जिसके तहत निम्न निर्णय लिए गए:–

- म्यनूसिपल एरिया से 500 मीटर बाहर तक बसी अवैध कॉलोनियों को रेगुलर और डैवलेप किया जाएगा।
- अवैध कालोनी की निगरानी और समीक्षा के लिए एक जिला स्तर की कमेटी का गठन किया जाएगा।
- अवैध कॉलोनी की सार्वजनिक उपयोग की जगह म्यूनसिपल कमेटी अथवा कार्पोरेशन के नाम होगी।
- सभी अवैध कॉलोनी को रेगुलर करने और डैवलप करने के लिए जल्द ही योजना बनाई जाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंचकूला डैवेपलमेंट प्लान

(दिनांक 02.06.21)

**विषय: पंचकूला डैवेपलमेंट प्लान की समीक्षा।**



**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पचंकूला के डैवेपलमेंट संबंधी सभी प्रोजेक्ट और योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें सभी संबंधित विभागों के प्रमुख ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान निम्न निर्णय लिए गए :–

- मोरनी एरिया में ही पर्यटन को बढावा देने और पर्यावरण की दृष्टि से नक्षत्र वाटिका, सुगंध वाटिका व राशि बन को स्थापित किया जाएगा। जिसमें नक्षत्रों और राशियों से संबंधित पेड़ों को लगाया जाएगा।
- मोरनी एरिया और टिक्करताल को मुख्य शहर और अन्य स्थानों से जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण किया जाएगा।
- थापली में आयुर्वेद और योग को बढावा देने के लिए पंचकर्म का सेंटर बनाया जाएगा।
- पंचकूला को मेडिकल और शैक्षणिक हब बनाने के लिए संबंधित संस्थाओं और आई.टी पार्क को डेवलप किया जाएगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला शहर के डंपिंग ग्राउंड को तुरतं शिफ्ट करने और मोरनी की पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने का भी निर्णय लिया गया।


## उपायुक्तों के साथ कोरोना समीक्षा बैठक

(दिनांक 03.06.21)




**विषय: उपायुक्तों के साथ कोरोना को लेकर समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हरियाणा भवन चण्डीगढ़ में सभी उपायुक्तों के साथ कोरोना की दूसरी लहर के तहत आई कठिनाईयों और बाधाओं की समीक्षा की। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अस्पतालों विशेषकर सिविल अस्पताल और सी.एच.सी को ठीक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और आने वाले समय के लिए तैयार रहने के आदेश भी दिए जिसके तहत सभी उपायुक्तों को कहा गया कि वह :–



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- अपने–2 जिले के सभी अस्पतालों की व्यवस्था का जायजा लें।
- हर सी.एच.सी. पर एक एबूंलेंस 24 घटें खड़ी हो यह सुनिष्चित किया जाए।
- हर मैडिकल कॉलेज में एक ऑक्सीजन प्लांट आने वाले 1 से 2 महीनों में लग जाए।
- जिले के सिविल अस्पताल में आई.सी.यू. की व्यवस्था हो यह सुनिष्चित किया जाए।
- जिला स्तर पर एक सेट्रंल कंट्रोल रूम बनाया जाए।
- जिन डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों ने इस दौरान पूरी निष्ठा और लगन से काम किया उन्हें 15 अगस्त और 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाए।
- वैक्सीन सभी को लगे और विशेषकर गांवों में वैक्सीनेशन ठीक हो यह सुनिष्चित किया जाए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी उपायुक्तों द्वारा संकट की इस घड़ी में लगातार सेवा भाव से लगे रहने और कोरोना की रोकथाम के लिए किए गए उनके प्रयासों की सराहना की।

## जिले के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक


(दिनांक 03.06.21)



**विषय: जिले के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आज सभी जिलों में लगाए गए ACS स्तर के नोडल अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दो को लेकर चर्चा की गई और उनके कार्य की समीक्षा की गई। जिसके तहत निम्न निर्णय लिए गएः–

- ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में यदि किसी कारणवश जिले के ग्रीवेंस मिनिस्टर नहीं आ पाते हैं तो सबंधित नोडल अधिकारी उसकी अध्यक्षता कर सकते हैं।
- ग्रीवेंस कमेटी में अब शिकायत CM window से भी ली जाएंगी। ऐसी 5 रेंडम शिकायतों को ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में शामिल किया जा सकेगा।
- नाडेल अधिकारी अपने–2 जिले के 50 करोड़ से ऊपर के कामों और प्रोजेक्ट की निगरानी और समीक्षा करेंगें जहां 50 करोड़ का कोई प्रोजेक्अ न हो वहां अधिकतम कीमत के किसी प्रोजेक्ट की निगरानी और समीक्षा कर सकेंगें।
- नोडल अधिकारी अपने जिले के परिवार पहचान पत्र के तहत हो रहे इनकम वेरिफिकशन के काम को सुनिष्चित करेंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- MFMB में 100 प्रतिशत जमीनों का डाटा भरा जाए यह सुनिष्चिम करना भी नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी होगीं
- सभी क्लास–1 अधिकारियों को 1–1 गांव दिया जाएगा। जिसके तहत उस गावं के डेवलपमेंट और वहां के लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए क्या किया जा सकता है अधिकारी उसका प्रयास करेंगे।
- सभी नाडेल अधिकारी जिले का महीने में कम से कम एक बार दौरा जरूर करेंगे ओर विभिन्न कार्यों के साथ अपने–2 महकमों के कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी नोडल अधिकारियों को HSVP के मुख्य 50 डिफाल्टरों के साथ बैठक कर उन्हें लास्ट फाईनल सेटलमेंट स्कीम का लाभ उठाने के लिए प्रात्साहित करने का भी आदेश दिया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम

(दिनांक 05.06.21)



**विषय: विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विष्व पर्यावरण दिवस के मौके पर करनाल में पौधा रोपण कर विष्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'ऑक्सी वन' की शुरूआत और कई अन्य घोषणाएं की जिसके तहतः–

- करनाल आरै पंचकूला में 100–100 एकड़ में ऑक्सी वन लगाए जाएंगे जिसमें पौधों की विभिन्न प्रजाती और साथ ही प्रस्तकालय भी होगा।
- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'प्राणवायु पेंशन' योजना की शुरूआज की जिसके तहत 80–100 साल पुराने पेड़ों को 2500 रूप्ये सालाना की दर से पेंशन उनके मालिकों अथवा जिस जमीन पर वह है उसके मालिक को उसकी देखरेख के लिए दी जाएगी।
- कुरूक्षेत्र और उससे जुड़े 134 तीर्थस्थलों पर भी पंचवटी पौधारोपण आज किया गया।
- इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह भी घोषणा की कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत जो व्यक्ति अपनी जमीन पर धान न बोकर पेड़ लगाएगा उसे 10000 रूप्ये प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पर्यावरण दिवस पर सभी से न केवल पौधे लगाने बल्कि जब तक वह बड़े नहीं हो जाते उनकी देखरेख करने का भी आवहान किया।